# समाचार

## '' रमन के गोठ ''  कार्यक्रम माह के द्वितीय रविवार 08 नवम्बर को

## (निगम क्षेत्र के 07 स्थानों पर की जाएगी व्यवस्था, आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने निगम अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश)

कोरबा 05 नवम्बर 2015 –प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह द्वारा आकाशवाणी रायपुर से मासिकवार्ता '' रमन के गोठ '' कार्यक्रम का प्रसारण नवम्बर माह के द्वितीय रविवार 08 नवम्बर को किया जाएगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र के 07 स्थानों पर रेडियो ट्रांजिस्टर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएगी, जहां पर आमनागरिकगणों को मुख्यमंत्री जी से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर प्राप्त होगा। आज आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए तत्संबंध में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा है।

यहां उल्लेखनीय है कि राज्य में आकाशवाणी की व्यापक पहुंच और शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार में उसकी उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को प्रातः 10.45 बजे से 11 बजे के मध्य वे प्रदेश के नागरिकों से आकाशवाणी के माध्यम से सीधे मुखातिब होंगे। विगत सितम्बर माह से यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को पूरे प्रदेश में आयोजित किया जा रहा है, इसी कड़ी में नवम्बर माह के द्वितीय रविवार 08 नवम्बर को यह कार्यक्रम रखा गया है, कार्यक्रम प्रातः 10.45 से 11 बजे के मध्य होगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र के 07 स्थानों पर इस आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं कराई जा रही हैं। आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने आज निगम के जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं एवं अन्य अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए तत्संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

**इन स्थानों पर की गई व्यवस्थाएं**– आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के निर्देश पर निगम द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रमन के गोठ कार्यक्रम का प्रसारण सुनने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। निगम द्वारा कोरबा जोन के अंतर्गत गीताजंलि भवन कोरबा में, टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) में, कोसाबाड़ी जोन के अंतर्गत बुधवारी स्थित सामुदायिक भवन तथा सियान सदन घंटाघर के समीप, बालको जोन के अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित सामुदायिक भवन, दर्री जोन के अंतर्गत जोन कार्यालय दर्री तथा बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत आनंदनगर स्थित सामुदायिक भवन में निगम द्वारा रेडियो ट्रांजिस्टर की उपलब्धता के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

**आयुक्त ने किया स्थल निरीक्षण** – टी.पी.नगर जोन के अंतर्गत '' रमन के गोठ '' कार्यक्रम का आयोजन विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन) में किया जाएगा। आज आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने निगम के अधिकारियों के साथ विवेकानंद उद्यान पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने जोन के कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. चौबे को स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होने अन्य जोनों में भी उक्त आयोजन के संबंध में संबंधित कार्यपालन अभियंताओं को तलब कर आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)